क्या स्वस्थ होने के दौरान आपको अपने नियोक्ता के साथ कार्यस्थल पर समस्याएँ आ रही हैं?

कार्यस्थल पर बातचीत को सुगम बनाना (डब्ल्यूएफडी) (**workplace facilitated discussion**) (WFD) एक स्वैच्छिक सेवा है जो काम पर आपके स्वास्थ्य लाभ(रिकवरी) में निम्नलिखित के द्वारा सहायता कर सकती है:

- आपके और/या आपके नियोक्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान करके
- कार्यस्थल पर रिकवरी के लिए एक व्यावहारिक समझौते पर पहुँचने में आपकी सहायता करके
- समर्थित वातावरण में स्वैच्छिक बातचीत करने की पेशकश करके
- कार्यस्थल पर रिकवरी के लिए एक उपयुक्त योजना स्पष्ट करके
- संबद्ध पक्षों की अपेक्षाओं को फिर से स्थापित करके

चरण 1

एक योग्य स्टाफ़ सदस्य (समन्वयक) के साथ व्यक्तिगत बैठकें जो यह समझने के लिए आपके साथ एक बैठक आयोजित करेंगें कि काम पर आपकी रिकवरी पर कौन सी चीज़ प्रभाव डाल रही है।

चरण 2

आपकी रिकवरी में सहायता के लिए व्यावहारिक समाधानों की पहचान करने हेतु आपके और आपके नियोक्ता के साथ सामूहिक बैठक। यह सुनिश्चित करने के लिए सहमत योजना पर निगरानी रखी जाएगी कि आपकी रिकवरी में सहायता के लिए कार्रवाइयाँ लागू की जा रही हैं।

State Insurance
Regulatory Authority

NSW
GOVERNMENT

यदि आप अपने नियोक्ता के साथ कार्यस्थल पर किसी समस्या का सामना कर रहे हैं, जो काम पर आपकी रिकवरी को प्रभावित कर रही है, तो आप अपने बीमा केस मैनेज़र, यूनियन प्रतिनिधि, नामांकित इलाज करने वाले डॉक्टर या कार्यस्थल पुनर्वास प्रदाता(वर्कप्लेस रिहेबिलीटेशन प्रोवाइडर) से बात कर सकते हैं।

कार्यस्थल पर बातचीत को सुगम बना कर (workplace facilitated discussion) आपकी सहायता कैसे की जा सकती है?

- एलेक्स को अपनी कार्य वापसी योजना के बारे में अपने पर्यवेक्षक(सुपरवाइज़र) से बात करने में कठिनाई हो रही थी।
- एलेक्स अपने सुपरवाइज़र को रिपोर्ट करने को लेकर चिंतित था।
- एलेक्स ने डब्ल्यूएफडी आयोजित करने के लिए अपने बीमाकर्ता केस मैनेज़र से बात की।
- एलेक्स, उनके सुपरवाइज़र और समन्व्यक बातचीत में आने वाली बाधाओं पर चर्चा करने और उनकी चिंताओं को हल करने के लिए एक साथ आए।
- समन्व्यक ने सभी पक्षों को एक समझौते पर लाकर और फिर से नई शुरुआत करवा कर इन चर्चाओं में अपना समर्थन प्रदान किया।
- एलेक्स सहमत योजना के अनुसार काम पर लौट आया है और अपने सुपरवाइज़र द्वारा अधिक समर्थित महसूस करता है।

कार्यस्थल पर बातचीत को सुगम बनाने के बारे में अधिक जानकारी के लिए : https://www.sira.nsw.gov.au/workplace-facilitated-discussion पर जाएँ।